प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 121/ 2023)

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

'टेरा हर्ट्ज़ रेंज में सीमित अवधि के लिए मांग के सृजन हेतु अप्रयुक्त या सीमित रुप में प्रयुक्त स्पेक्ट्रम बैंड के खुले एवं लाइसेंस रहित उपयोग' पर भा.दू.वि.प्रा. के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/ प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तारण

नई दिल्ली, 14 नवम्बर 2023 - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 27 सितम्बर 2023 को **'टेरा हर्ट्ज़ रेंज में सीमित अवधि के लिए मांग के सृजन हेतु अप्रयुक्त या सीमित रुप में प्रयुक्त स्पेक्ट्रम बैंड के खुले एवं लाइसेंस रहित उपयोग'** पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। शुरू में, हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25.10.2023 और प्रति टिप्पणियाँ 08.11.2023 निर्धारित की गई थी। उद्योग संघों के अनुरोध पर, लिखित टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ जमा करने की अंतिम तिथियाँ क्रमशः 15.11.2023 और 29.11.2023 तक बढ़ा दी गईं थी।

2. तदुपरांत, हितधारकों के अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 29.11.2023 और 13.12.2023 तक बढ़ाई जाती है। आगे विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां/ प्रति-टिप्पणियां श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भा.दू.वि.प्रा. को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/ सूचना के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भा.दू.वि.प्रा. से दूरभाष संख्या : +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

वि. रघुनंदन

(वि. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा